देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 52 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**पर्याप्त टेस्टिंग नहीं



# पेज थ्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 21 मई 2020



मौसम — अधिकतम 38.0° न्यूनतम 22.0°

30196.17

2 पाक में ट्रेंड हो रहा बायकॉट यूएई

7 पीएसएल में हो कश्मीर की टीम

## संक्षिप्त समाचार

### देश में प्रति लाख जनसंख्या में केवल 7.9 लोग ही कोरोना से प्रभावित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने बताया कि यदि विश्व की कुल जनसंख्या को ध्यान में रखा जाए तो कोरोना वायरस के कारण प्रति लाख जनसंख्या पर 62 लोग प्रभावित हुए हैं। वहीं, भारत में देश की प्रति लाख जनसंख्या पर केवल 7.9 लोग ही कोरोना वायरस से प्रभावित हुए हैं। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि कोरोना के कारण दुनियाभर में प्रति लाख आबादी पर 4.2 लोगों की मौत हुई है। वहीं, भारत में यह प्रति लाख जनसंख्या पर केवल 0.2 लोगों की ही मौत हुई है।

### देश में कोरोना के एक्टिव संक्रमितों की संख्या साठ हजार के पार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने बताया कि देश में कोरोना संक्रमण की स्थिति संतोषजनक बनी हुई है। देश में अब तक कोरोना से संक्रमित 42,298 लोगों को इलाज के बाद ठीक कर लिया गया है। देश में कोरोना के एक्टिव संक्रमितों की संख्या 61,149 है।

### 25 मई से शुरू होंगी घरेलू उड़ानें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देश में 25 मई से घरेलू उड़ानें शुरू होंगी। नागरिक उड्डयन मंत्री हरदीप पुरी ने ट्वीट कर इस बात की जानकारी दी। लॉकडाउन के कारण राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर पाबंदी लगी हुई है। हाल ही में सरकार ने रेल सेवा की फिर से शुरुआत की और अब घरेलू उड़ानें भी 25 मई यानी सोमवार से शुरू होंगी। हरदीप पुरी ने कहा कि सोमवार 25 मई 2020 से घरेलू उड़ानें शुरू हो जाएंगी। सभी हवाई अड्डों को सूचना दी जा रही है। यात्रियों के लिए एसओपी भी जारी किया जा रहा है।

# महातूफान से कांपे बंगाल-ओडिशा

### बंगाल में तटों से टकराया , तेज हवाएं और बारिश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना संकट के बीच अब अम्फान सुपर साइक्लोन देश के तटीय इलाकों में तबाही मचा रहा है। हालांकि मौसम विभाग और एनडीआरएफ की सतर्कता से नुकसान में काफी कमी लाई जा सकी है। मौसम विभाग, छक्त्थ और मंत्रालयों की प्रेस कॉन्फ्रेंस में इससे संबंधित सारी जानकारियां दी गईं। मौसम विभाग के डीजी ने बताया कि बुधवार शाम तक यह सुपर साइक्लोन कोलकाता पहुंच जाएगा। तूफान की गति 110 किमी प्रति घंटा के आसपास रह सकती है। इससे बड़े नुकसान की भी आशंका है। मौसम विभाग की तरफ से बताया गया कि सड़कों, पेड़ों और कच्चे मकानों को ज्यादा नुकसान हो सकता है।

## अम्फान की 160 किमी की स्पीड ने पश्चिम बंगाल को डराया




### ओडिशा में अब नहीं होगा ज्यादा नुकसानः आईएमडी

मौसम विभाग ने बताया कि इस समय ओडिशा के तटीय इलाकों में बारिश हो रही है। ओडिशा के पारादीप में हवाएं 106-107 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चल रही हैं। मौसम विभाग ने कहा कि ओडिशा में अब ज्यादा नुकसान नहीं होगा। मेघालय और असम में कल भी बारिश होगी। मौसम विभाग के डीजी मृत्युंजय महापात्रा ने बताया कि तूफान का आइ अभी लैंड पर नहीं पहुंचा है। यह सबसे ज्यादा खतरनाक होता है। अभी इसका अगला हिस्सा लैंड पर पहुंचा है।

**प. बंगाल में 5 लाख और ओडिशा में 1.5 लाख लोगों को निकाला गयाः** डीजी, एनडीआरएफ ने बताया कि लैंडफाल के बाद उनकी टीमों का असली काम शुरू होता है। पश्चिम बंगाल में तूफान लैंड कर चुका है और एनडीआरएफ की टीमें अपने काम में तन्मयता से लगी हैं। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल में सुपर साइक्लोन अम्फान का लैंडफाल शुरू हो गया है। हमारी नजर लगातार इस पर बनी हुई है। अम्फन तटों से टकराने लगा है और एनडीआरएफ की बटालियन तैयार हैं। हमारे पास आधुनिक उपकरण हैं। हमारी 24 टीमें एयरलिफ्ट के लिए तैयार हैं। एनडीआरएफ ने पश्चिम बंगाल से 5 लाख और ओडिशा से 1.5 लाख लोगों को सुरक्षित निकाला है। ओडिशा में 106 से 107 की रफ्तार से भारी नुकसान हुआ है, तो फिर बंगाल में नुकसान क्या होगा इसका अनुमान लगाया जा सकता है। सबसे ज्यादा हवा की रफ्तार साउथ और नॉर्थ 24 परगना और मिदनापुर जिलों में होगी।

### लैंडफाल के बाद शुरू होगा हमारा कामः डीजी एनडीआरएफ

एनडीआरएफ के डीजी एसएन प्रधान ने बताया कि तूफान का लैंडफाल शुरू हो गया है। हमारा काम लैंडफाल के बाद शुरू होगा। ओडिशा और बंगाल में टीमें तैनात की गई हैं। हम हालात पर पूरी नजर बनाए हुए हैं। 19 टीमें पश्चिम बंगाल में लगी हुई हैं। 20 टीमें ओडिशा में तैनात हैं। कोरोना के खतरे को देखते हुए सभी टीमों को पीपीई कध्टिं मुहैया कराई गई हैं।

**सुंदरबन पहुंचा अम्फानः** शाम 4:30 बजे जारी बुलेटिन में आईएमडी ने कहा कि सुपर साइक्लोन सुंदरबन के पास दीघा और हटिया के बीच पश्चिम बंगाल तट को पार कर रहा है। लैंडफॉल प्रक्रिया जारी रहेगी और पूरा होने में दो से तीन घंटे लगेंगे।

# नेपाल ने जारी किया नया नक्शा

### लिपुलेख, कालापानी और लिंपियाधुरा को बताया अपना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काठमांडू। भारत सरकार के विरोध के बाद भी नेपाल सरकार ने अपने देश का नया राजनीतिक और प्रशासनिक नक्शा जारी कर दिया है। इस नए नक्शे में नेपाल ने लिपुलेख, कालापानी और लिंपियाधुरा के कुल 395 वर्ग किलोमीटर के भारतीय इलाके को अपना बताया है।

नेपाल के भू प्रबंधन और सुधार मंत्रालय की ओर से मंत्री पद्मा अरयाल ने नेपाल का यह नया नक्शा जारी किया। इससे पहले नेपाल सरकार ने ऐलान किया किया था कि वह नया नक्शा जारी कर लिपुलेख, कालापानी और लिंपियाधुरा को अपने क्षेत्र में शामिल करेगी। इस नक्शे को अब स्कूलों और सभी सरकारी कार्यालयों में इस्तेमाल किया जाएगा। पद्मा ने कहा कि नए नक्शे को संसद के समक्ष रखा जाएगा ताकि उसमें किए गए संशोधनों को मंजूरी दिलाई जा सके।

सोमवार को प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के नेतृत्व में कैबिनेट की बैठक के दौरान इस मैप को मंजूरी दी गई थी। इसमे लिंपियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी को नेपाल का हिस्सा बताया था। जबकि ये इलाके भारत में आते हैं। मंगलवार को पीएम केपी शर्मा ओली ने संसद में कहा था कि कालापानी, लिंपियाधुरा और लिपुलेख हमारा है और हम उसे वापस लेकर रहेंगे।

### नक्शे में 395 वर्ग किलोमीटर के इलाके को शामिल किया

नेपाल ने अपने नए नक्शे में कुल 395 वर्ग किलोमीटर के इलाके को शामिल किया है। लिंपियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी के अलावा गुंजी, नाभी और कुटी गांवों को भी शामिल किया गया है। नेपाल के नए नक्शे में कालापानी के कुल 60 वर्ग किलोमीटर के इलाके को अपना बताया है। इसमें लिंपियाधुरा के 335 किलोमीटर के इलाके को जोड़ दें तो यह कुल 395 वर्ग किलोमीटर हो जाता है। इस तरह से नेपाल ने भारत के 395 किलोमीटर के इलाके पर अपना दावा ठोका है।

...विस्तृत खबर पेज 3 पर

## बस पॉलिटिक्सः प्रियंका को अपनों ने ही घेरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रायबरेली। उत्तर प्रदेश में एक हजार बसों को लेकर शुरू हुई राजनीति अब और तूल पकड़ती जा रही है। इस राजनीति में कांग्रेस की विधायक और गांधी परिवार की बेहद नजदीकी मानी जाने वाली अदिति सिंह भी कूद गई हैं। खास बात यह है कि अदिति सिंह ने बीजेपी को नहीं बल्कि अपनी ही पार्टी को निशाना बनाया है। ट्विटर के जरिए वह कांग्रेस पर बरसी हैं और कहा है कि अगर बसें हैं तो राजस्थान, पंजाब और महाराष्ट्र में क्यों नहीं लगाईं? उन्होंने कांग्रेस को ही कहा है कि इस कोरोना के इस संकट की घड़ी में सियासत न करें।

अभी तक भारतीय जनता पार्टी और योगी सरकार ही कांग्रेस पर राजनीति करने और फर्जीवाड़े का आरोप लगा रही थी लेकिन अब उनके अपनों ने ही उनके ऊपर भड़कना शुरू कर दिया है। रायबरेली के सदर से कांग्रेस विधायक अदिति सिंह ने कांग्रेस पर ही फर्जीवाड़ा करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि यह कैसा क्रूर मजाक है?

## बीजेपी अपने झंडे लगा ले, बसें चलने दे: प्रियंका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■बसें चलतीं तो घर पहुंच गए होते 92 हजार मजदूर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में जारी श्बस पॉलिटिक्स पर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके जवाब दिया है। प्रियंका ने कहा कि हम लोगों की मदद करना चाहते हैं, इसमें राजनीति ना ढूंढें। बसों की लिस्ट में बाइक और टेम्पो के नंबर होने पर प्रियंका गांधी ने कहा कि अगर ऐसे कुछ नंबर हैं भी हम नए नंबर देने को तैयार हैं।

प्रियंका ने यह भी कहा कि हमें क्रेडिट नहीं चाहिए, आप परमिशन दीजिए। उन्होंने यह भी कहा कि अगर आपको क्रेडिट लेना हो तो चाहें तो आप बसों पर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) का झंडा लगा लीजिए। पिछले कई दिनों से जारी ड्रामे पर प्रियंका गांधी ने कहा, जितना समय हमने पिछले 24 घंटे में राजनीतिक उलझनों में गंवाया, उतने में हम 92 हजार लोंगों को घर भेज सकते थे। प्रवासी मजदूरों पर राजनीति ठीक नहीं है। मैं यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ जी से कहना चाहती हूं कि हमारी 500 बसें चार बजे तक खड़ी हैं। हो सके तो उन्हें मंजूरी दें, जिससे प्रवासी मजदूर अपने घर जा सकें। 4 बजे के बाद हम उसी तरह से बसें हटा लेंगे, जैसे पहले भी हटा चुके हैं। प्रियंका गांधी ने कहा, हमारे कार्यकर्ताओं ने शहर से लेकर गांव तक अभी तक 67 लाख लोगों की मदद की है।

# बाज नहीं आ रहा है चीन

### लद्दाख के पैंगोंग झील में पेइचिंग ने तैनात किए 3 गुना ज्यादा बोट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत और चीन में लद्दाख में तनाव बढ़ता जा रहा है। चीन ने पैंगोग शो झील में ज्यादा बोट उतार दिए हैं। यहीं नहीं, चीन ने यहां पेट्रोलिंग भी बढ़ाई है। पेइचिंग लद्दाख में भारत के निर्माण कार्यों को भी रोकने की कोशिश कर रहा है। इस बीच, भारत ने ने भी लद्दाख सीमा पर अतिरिक्त सुरक्षाबल तैनात कर दिया है और चप्पे-चप्पे पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

सूत्रों ने अखबार द इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि लद्दाख में तनाव बढ़ने का असर कई अन्य सीमाओं पर बुरा पड़ सकता है।

सूत्रों ने बताया कि चीन ने पेट्रोल बोट की संख्या बढ़ाकर तीन गुनी कर दी है। शुरू में चीन केवल 3 बोटों का इस्तेमाल पेट्रोलिंग के लिए करता रहा था। भारतीय सेना भी झील के 45 किलोमीटर भारत के कब्जे वाले लंबे इलाके में इतने ही बोट का इस्तेमाल करती रही है।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in